GREEN LAWNS HIGH SCHOOL

TERMINAL EXAMINATION - 2021 - 2022

HINDI

CLASS :10 A,B,C **DATE : 04/10/2021**

TIME : 1 Hr 30 min **MARKS : 40**

- This paper comprises of two sections -Section A and Section B
- Attempt all the questions from the section A&B.
- The intended marks for the questions or part of questions are given in brackets [ ]

SECTION ‘ A ‘ (20 Marks)

Attempt all questions

प्र1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 200 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :- [10]

(i) आज आतंकवाद एक विश्व व्यापी समस्या बन गई है । इस आधार पर “आतंकवाद की समस्या “ पर प्रस्ताव लेखन कीजिए ।

(ii) हिमालय केवल हमारा प्रहरी ही नहीं अपितु हमारा गर्व भी है । इसी आधार पर कल्पना कीजिए यदि हिमालय न होता तो क्या होता ?

(iii) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसके अंत में लिखा गया हो -‘ इस महामारी ने हमें जीना सिखा दिया ‘ ।

iv) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए ।

प्र 2)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :- [7]

i) आपके विद्‌यालय को आदर्श विद्‌यालय पुरस्कार प्राप्त होने पर प्रधानाचर्या को अभिनंदन हेतु पत्र लिखिए ।

ii) स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित एक भाषण प्रतियोगिता में,स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए थे । विदेश में रहने वाले अपने मित्र को पत्र लिखकर इस कार्यक्रम की जानकारी दीजिए ।

प्र3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - [3]

i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

शक्ति , वृक्ष

ii) निम्नलिखित शब्दों में से दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

उद्‌यम , दाता , घात

iii) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे की सहायता से वाक्य बनाइये -

चिराग तले अंधेरा , घुटने टेकना

SECTION B (20 MARKS)

ATTEMPT ALL QUESTIONS

साहित्य सागर

प्र4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए -

"बार - बार सोचते क्या होगा उस कौम का जो अपने देश के खातिर घर - गृहस्थी, जवानी - जिंदगी सब कुछ होम कर देने वालों पर हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूंढती है । दुखी हो गए "।

i) हालदार साहब कब और क्यों दुखी हो गए ? स्पष्ट कीजिए । [2]

ii) गद्यांश के आधार पर हालदार साहब की स्वभावगत विशेषताओं का चित्रण कीजिए । [2]

iii) "क्या होगा उस कौम --- मौके ढूँढ़ती है" इस कथन से लेखक का क्या आशय है? समझाइए । [3]

iv) देशभक्ति किसी विशेष अवसर का इंतजार नहीं करती । इस संदर्भ में अपने विचार स्पष्ट कीजिए । [3]

प्र5) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए -

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता ।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया
जग को दया दिखाई, जग को दिया दिखाया।

i) उपर्युक्त पद्यांश में किन - किन अवतारों और महापुरुषों के बारे में बताया गया है? यहाँ राम और सीता का उल्लेख क्यों किया गया है ? स्पष्ट कीजिए । [2]

ii) शब्दार्थ - [2]

पुनीत, सुयश, जग, रघुपति, गीता,

iii) श्रीकृष्ण ने किस ग्रंथ में किसे, क्या उपदेश दिया था ? [3]

iv) गौतम कौन थे? उन्होंने मानवता को दुखों से छुटकारा दिलाने के लिए क्या संदेश दिया ? [3]

-- **BEST OF LUCK** -------------------------------------